**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.07.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री ने मॉलदीव के लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर बधाई दी। इस अवसर पर श्री मोदी मुख्य अतिथि होंगे।
- देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। पूरा देश उन्नीस सौ निन्यानबे के बहादुर जाबाजों को याद कर रहा है।
- सांसद विष्णु पद रे ने लगातार बिजली कटौती को लेकर केन्द्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।
- प्रातरापुर के सामुदायिक भवन में वार्ड संख्या उन्नीस और तेईस के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मॉलदीव के साठवें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। श्री मोदी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के विशेष आमंत्रण पर मॉलदीव की राजकीय यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री ने मालदीव के लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं दीं। प्रधान मंत्री ने कहा कि मालदीव के साठवें स्वतंत्रता दिवस पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति जी का आभार व्यक्त करता हूं।

<><><><><><><>

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस उन्नीस सौ निन्यानबे में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। कारगिल विजय दिवस पर पूरा देश उन बहादुर वीरों को याद कर रहा है जिन्होंने उन्नीस सौ निन्यानबे की भारत–पाकिस्तान युद्ध में बलिदान दिया था। यह दिन ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। इसमें भारतीय सेना ने कारगिल के उन इलाकों दोबारा अपने नियंत्रण में लिया, जहाँ पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों नेघुसपैठ की थी। करीब साठ दिनों तक चला यह युद्ध आज के दिन खत्म हुआ था। हिमालय की ऊंची पहाडियां भी भारतीय सैनिकों के साहस के आगे छोटी पड़ गईं जब उन्होंने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और वहां

तिरंगा फहराया। इस युद्ध में कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, लेफ्टिनेंट कीशिंग क्लिफोर्ड नोंग्रुम और ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव जैसे जाबाजों नेयुद्ध में भारत की जीत का परचम लहराया। इस युद्ध में कठिन भौगोलिक हालात भारतीय सेना के मजबूत इरादों को डिगा नहीं सकी और प्रत्येक जवान ने अपनी अद्‌भुत वीरता का परिचय दिया।

<><><><><><><>

अटल पेंशन योजना ने चालू वित्त वर्ष में ही उनतालीस लाख नए सदस्यों के जुड़ने के साथ कुल नामांकन संख्या आठ करोड़ को पार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह भारत सरकार की एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका संचालन पी.एफ.आर.डी.ए. द्वारा किया जाता है। यह उपलब्धि ऐसे समय में हासिल हुई है जब यह योजना नौ मई, दो हजार पन्द्रह को अपनी शुरुआत के बाद से अपनी दसवीं वर्षगांठ मना रही है। सभी भारतीयों के लिए एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई, अटल पेंशन योजना एक स्वैच्छिक, अंशदायी पेंशन योजना है, जो गरीबों, वंचितों और अ–संगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।

<><><><><><><>

आज विश्व मैंग्रोव दिवस है। मैंग्रोव वन ज्वार नदियों के संगम एस्टुएरियन क्षेत्रों में उगते हैं और जैव विविधता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पश्चिम बंगाल में सुंदरबन एक मैंग्रोव वन है जो एक विश्व धरोहर स्थल और बाघ संरक्षण के रूप में जाना जाता है। मैंग्रोव, रेडियो तरंगों के प्रसारण और आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मैंग्रोव वन चक्रवात और महाचक्रवात के झटकों को अवशोषित करने में अहम हैं। पश्चिम बंगाल रेडियो क्लब ने पूर्वबाशा इको हेल्पलाइन सोसायटी के सहयोग से आज पश्चिम बंगाल के चरघेरी में मैंग्रोव के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह सोसाइटी पश्चिम बंगाल के मैंग्रोव क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ काम करती है। चरघेरी क्षेत्र में आज बड़ी संख्या में मैंग्रोव के पौधे भी लगाए गए।

<><><><><><><>

अंडमान में बिजली संकट पर सांसद विष्णु पद रे गंभीर, केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में जारी बिजली संकट पर सांसद विष्णु पद रे ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के धीमे अमल और लगातार बिजली कटौती को लेकर केंद्र सरकार से तत्काल

हस्तक्षेप की मांग की है। सांसद रे ने इस संबंध में गृह मंत्री, ऊर्जा मंत्री और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि सोलर रूफटॉप योजना शुरू हुए पंद्रह वर्ष बीत जाने के बावजूद अंडमान प्रशासन ने इसमें नगण्य प्रगति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा न तो कोई जागरूकता अभियान चलाया गया और न ही योजना को मिशन मोड में लागू किया गया। दक्षिण अंडमान में रोजाना बारह से चौदह घंटे की बिजली कटौती और ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में अनियमित आपूर्ति से आम जनता को भारी परेशानी हो रही है, खासकर वे लोग जो इन्वर्टर या वैकल्पिक स्रोत का खर्च नहीं उठा सकते। सांसद ने इस संकट के समाधान के लिए सौर ऊर्जा योजनाओं को तेज़ी से लागू करने की अपील की है।

<><><><><><><>

उपायुक्त अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में स्वराज द्वीप पर विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए गए। इस पहल का उद्देश्य लंबे समय से लंबित राजस्व मामलों को सुलझाकर तथा मौके पर ही शिकायत निवारण की सुविधा प्रदान करके शासन को लोगों के करीब लानाथा। द्वीप समूह के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में निवासियों ने भूमि अभिलेखों, दाखिल–खारिज के मामलों और अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु शिविर में भाग लिया। दक्षिण अंडमान के उपायुक्त ने व्यक्तिगत रूप से राजस्व मामलों की समीक्षा की और शीघ्र निपटान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

<><><><><><><>

जिला स्वास्थ्य सोसाइटी और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रातरापुर के सामुदायिक भवन में वार्ड संख्या उन्नीस और तेईस के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें पछपन लोगों ने भाग लिया। शिविर में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता और प्रधानमंत्री जन आरोग्य कार्ड बनाए गए। साथ ही रक्तचाप, ब्लड प्रेशर जांच, डीजिटल हेल्थ रिकॉर्ड जैसी मुफ्त सेवाएं दी गई। कार्यक्रम में पार्षद राधिका और आर. वेत्रिवेलु उपस्थित रहे और नागरिकों को जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग ने अन्य वार्डों में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की योजना बनाई है।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज ने उम्मीदवारों की अनंतिम मेरिट और श्रेणीवार मेरिट सूची जारी कर दी है। सूची को https://andamanlawcollege.andaman.gov.in पर देखा जा सकता है। ईमेल alcadmissions2023@gmail.com दो अगस्त शाम पाँच बजे तक आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इस वर्ष प्रवेश के लिए एक हजार पिचासी उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जबकि वार्षिक प्रवेश पैंतालीस है।

<><><><><><><>

प्राथमिक और माध्यमिक बालिकाओं के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत जी.एस.एस जंगलीघाट स्कूल मैदान और बातू बस्ती स्कूल मैदान में अंतर–विद्यालय फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। आज भतूबस्ती स्कूल मैदान में चार सेमीफाइनल मैच खेले गए।

<><><><><><><>

मीठे पानी के मछली बीज संयंत्र, नयागांव ने भारतीय मेजर कार्प (आई.एम.सी) के मीठे पानी के मछली बीज का उत्पादन किया है और दक्षिण अंडमान जिले के अंतर्गत गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत के इच्छुक मछली किसानों के बीच वितरण के लिए तैयार हो चुके हैं। मत्स्य पालक उनतीस जुलाई सुबह नौ बजे से गुप्तापाड़ा ग्रामपंचायत कार्यालय से मछली बीज प्राप्त कर सकते हैं। फ्राई आकार के मछली बीज के प्रत्येक ऑक्सीजनयुक्त पैकेट की कीमत एक सौ पैंतीस रुपये है।

<><><><><><><>

पर्यटन मंत्रालय के तहत इंडिया टूरिज्म दिल्ली अट्ठाइस जुलाई को जीवंत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध तीज महोत्सव मनाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय विरासत के रंगों, परंपराओं और भावना को प्रदर्शित किया जाएगा। यह त्यौहार मानसून के आगमन का प्रतीक है। यह देवी पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन का भी प्रतीक है। यह त्योहार अपने पारंपरिक संगीत, नृत्य, मेहंदी, झूलों, उत्सवी परिधानों, स्वादिष्ट व्यंजनों, समृद्धि और खुशियों के लिए जाना जाता है।

<><><><><><><>